QP CODE
H1052

Enrollment Number: ....

Name: ....

BA DEGREE EXAMINATIONS, FEBRUARY 2026
Fifth Semester
B.A. Hindi Language and Literature
B21HD03DE – विशेष लेखक अज्ञेय
(2022 admissions)
(Supplementary/Improvement)

Time: 3 Hours **Max.Marks:70**

Section A

किन्हीं दस (10) प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य या शब्द में दें। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होता है।

1. 'अज्ञेय' का असली नाम क्या है?
2. अज्ञेय का जन्म कब और कहाँ हुआ?
3. श्रीमती कपिला वात्स्यायन कौन है?
4. अज्ञेय के पहला कविता संकलन का नाम क्या है?
5. आरंभ में अज्ञेय ने किस साहित्यिक नाम से निबंध लिखे थे?
6. अज्ञेय 'प्रतीक' को क्या मानते हैं?
7. 'असाध्यवीणा' किसकी लंबी कविता है?
8. गिरिजा कुमार माथुर किस सप्तक के कवि थे?
9. बाजरे की कलगी को अज्ञेय ने किसका प्रतीक माना?
10. अज्ञेय की पहली कहानी क्या है?
11. 'नारंगियाँ' कहानी के प्रमुख पात्रों के नाम लिखिए।
12. 'अपने अपने अजनबी' उपन्यास किस दर्शन से परिपूर्ण है?
13. अज्ञेय का प्रथम निबंध संकलन कौन-सा है?
14. 'उत्तरप्रियदर्शी' किस विधा की रचना है?
15. 'बीसवीं शती का गोलोक' में किस जगह की यात्रा का वर्णन है?

(1X10=10)

Section B

किन्हीं पाँच (5) प्रश्नों के उत्तर दो या दो से अधिक शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का होता है।

16. अज्ञेय जी क्रांतिकारी कैसे बने?
17. अज्ञेय के उपन्यासों के नाम लिखिए।
18. 'तारसप्तक' के प्रकाशन वर्ष तथा इससे जुड़े दो कवियों के नाम लिखिए।
19. 'घृणा का गान' शीर्षक कविता में कवि किस भावना पर अपना आक्रोश प्रकट करते हैं?
20. 'कलगी बाजरे की' कविता में कवि ने किसके सौंदर्य का वर्णन किया है?
21. 'दारोगा अमीचंद' कहानी में अमीचंद किस पद पर कार्यरत है?
22. प्रभाकर कौन है और वह कहाँ काम करता है?
23. 'अपने अपने अजनबी' उपन्यास को कुल कितने प्रकरणों में विभाजित किया गया है तथा उन प्रकरणों के नाम लिखिए?
24. 'एक बूँद सहसा उछली' का लेखक कौन है और यह किस विधा पर आधारित है?
25. 'नदी के द्वीप' उपन्यास के प्रमुख पात्रों के नाम लिखिए।

(2X5=10)

Section C

किन्हीं छः (6) प्रश्न के उत्तर एक पृष्ठ के अंदर दें। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का होता है।

26. अज्ञेय के 'पत्रकारिता अनुभव' पर विचार कीजिए।
27. 'प्रयोगवाद और अज्ञेय' पर टिप्पणी लिखिए।
28. 'रजनी' का चरित्र-चित्रण कीजिए।
29. 'अपने अपने अजनबी' उपन्यास का सारांश लिखिए।
30. "'नदी के द्वीप' वैयक्तिक संवेदना की औपन्यासिक सृष्टि है"- स्पष्ट कीजिए।
31. 'आलबाल' निबंध की विशेषताएँ क्या हैं?
32. 'वसंत का अग्रदूत' संस्मरण की आलोचना कीजिए।

QP CODE
H1052

33. 'बीसवीं शती का गोलोक' पर विचार कीजिए।
34. अज्ञेय की प्रयोगधर्मी रचनाओं की पृष्ठभूमि पर विचार कीजिए।
35. 'अज्ञेय के काव्य में बिंब योजना' पर प्रकाश डालिए।
36. 'अज्ञेय की कहनियों की शैली' की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
37. 'अपने अपने अजनबी' एक प्रयोगधर्मी उपन्यास है, सिद्ध कीजिए।

(5X6=30)

Section D

किन्हीं दो (2) प्रश्नों के उत्तर दो पृष्ठों के अंदर दें। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का होता है।

38. 'कलगी बाजरे की' कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताएं लिखिए।
39. उपन्यास के तत्वों के आधार पर 'अपने अपने अजनबी' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।
40. 'नारंगियाँ' कहानी के मूल उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।
41. नाटककार अज्ञेय के बारे में अपना विचार प्रस्तुत कीजिए।

(10X2=20)